## राजस्थान दिवस मनाया

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल डिवस्या में राजस्थान दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यवाहक प्रिंसिपल वीरेंद्र सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने राजस्थानी परंपरा को जीवंत किया। मीडिया प्रभारी पुखराज मीना ने रंगीले राजस्थान की शौर्यगाथा से सभी को रूबरू कराया। कमलेश कुमार मीना ने प्रदेश के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला। महेन्द्र कुमार शर्मा ने राजस्थानी गाथाओं का विस्तृत वर्णन किया। कार्यत्र्कम की विशेष आकर्षण विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहीं। छात्रों ने राजस्थानी पारंपरिक वेशभूषा में लोक संस्कृति से जुडे कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।

# अमावस्या पर मंदिरों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, घट स्थापना आज

**करौली,** (निसं)। शनिवार को अमावस्या के अवसर पर जन-जन के आराध्य देव मदन मोहन जी महाराज के मंदिर सहित कैलामाता मंदिर में दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड पडा।

उत्तर भारत के प्रमुख शक्तिपीठ तीर्थ स्थल कैलादेवी माता के मेले में शनिवार को अमावस्या होने के कारण श्रद्धालुओं का सैलाब उपड पडा लाखों कि संख्या में भक्त पैदल और वाहनों से कैलादेवी पहुंचे जहां पवित्र कालीसिल नदी में स्नान कर माथे पर लाल चुनरिया बांधे हाथ में पूजा कि थाली लेकर जय माता दी के उद्घोष के साथ मंदिर पहुंचे जहां कतारो में लगकर कैलामाता की चैखट पर माथा टेककर अपने परिवार कि खुशहाली और अमन चैन कि मनौती मांगी।

अमावस्या पर उमडी भीड़ को देखते हुए कैलादेवी मंदिर ट्रस्ट के अधिकारी व्यवस्था संभालते नजर आए रेलिंग में दर्शनार्थियों को पीने के लिए शीतल पानी कि बोतल निशुल्क वितरण की गई वहीं कूलर और पंखों से दर्शनार्थियों को ठंडक पहुंचाई गई पुलिस प्रशासन कि ओर से जगह-जगह पुलिस के जवान तैनात किए गए वहीं रोडवेज प्रबंधन कि ओर से राजस्थान के विभिन्न जिलों के डिपो से आई करीब 350 बसो से यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचाया गया इधर चैत्र नवरात्र मेले का प्रथम चरण आज रविवार को समाप्त हो जायेगा वही आज रविवार को कैलादेवी मेले के द्वितीय चरण के तहत माता के मंदिर मे घट स्थापना कि जाएगी जिसमें मंदिर ट्रस्ट के सोल ट्रस्टी कृष्ण चंद्रपाल व उनके परिवार के द्वारा विधि विधान से माता रानी कि पूजा अर्चना के साथ महा आरती का आयोजन होगा।

आज रविवार से शुरू होने वाले नवरात्र को देखते हुए घर-घर में भी घट स्थापना कि जाएगी जिसके चलते भक्त 9 दिन तक नौ देवियों कि आराधना पूजा अर्चना करेंगे इसके अलावा अमावस्या के अवसर पर करौली के आराध्य देव भगवान मदन मोहन जी महाराज के मंदिर में प्रातः मंगला आरती से ही भगवान के दर्शनों के लिए भक्तों का आना शुरू हो गया जो रात शयन आरती तक चला।

दिन भर मंदिर प्रांगण बंशी वाले के जयकारों से गूंजायमान रहा वहीं बाजारों में भारी भीडभाड के चलते कई बार वाहनों से जाम जैसी समस्या आई हालांकि पुलिस प्रशासन कि ओर से कई जगह बैरिकेट्स लगाकर तिपाहिया, चैपाहिया वाहनों कि शहर के अंदर आवाजाही रोकी गई।

## सामान जलकर राख

**नदबई।** नदबई क्षेत्र के गांव पिपरऊ स्थित एक मकान में रखे घरेलू गैस सिलेण्डऱ में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग लगता देख, परिजनों ने आग बुझाने का प्रयास किया। बाद में नगर पालिका दमकल गाडी मौके पर पहुंची। लेकिन, इससे पहले आग पर काबू कर लिया। परिजनों की सतर्कता के चलते बड़ा हादसा टल गया। लेकिन, आग लगने से रसोई में रखा घरेलू सामान जलकर राख हो गया। सूत्रों की मानें तो पिपरऊ निवासी थानसिंह पुत्र रूपसिंह, अपने घरेलू गैस सिलेण्डऱ में रेगूलेटर बदल रहा। इसी दौरान गैस लीक होने से सलेण्डऱ में आग लग गई। इसी प्रकार गांव मई में शॉर्ट सर्किट होने से खेत में रखी गेहूं की फसल में आग लग गई। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया।

## सार-समाचार

### शिक्षक संघ की बैठक संपन्न

**करौली,** (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की जिला स्तरीय बैठक जिला अध्यक्ष अशोक कुमार मीना की अध्यक्षता में आयोजित की गई। संघ के जिला प्रवक्ता राजेन्द्र दीवान ने बताया कि बैठक में जिला महामंत्री गिरधारी लाल नामा ने वार्षिक सदस्यता अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि इस वर्ष में जिले में संघ की विचारधारा के विस्तार हेतु तीन लाख शिक्षकों को संगठन के प्राथमिक सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है तथा 15 दिवसीय सदस्यता अभियान आगामी अप्रेल माह में ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित किया जाएगा। जिसके लिए सभी उपशाखाओं द्वारा प्रदेश के निर्देशानुसार संकुल रचना के गठन कार्य को पूर्ण कर संयोजक व सहसंयोजकों का चयन कर लिया गया है। सभी पदाधिकारी योजनानुसार सदस्यता का कार्य संपन्न करेंगे। जिला अध्यक्ष अशोक कुमार मीना ने भारतीय नव वर्ष चैत्र प्रतिपदा को प्रत्येक उपशाखा स्तर पर विशिष्ट सांस्कृतिक आयोजन के साथ मनाने पर जोर दिया।प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुखराज मीना ने सभी उपशाखाओं द्वारा 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती समरसता दिवस के रूप में मनाने की बात कही। बैठक में शिक्षकौ की विभिन्न समस्याओं व उनके समाधान के उपायों पर भी चर्चा की गई। बैठक में जिला कोषाध्यक्ष समय सिंह मीना, गब्बू सिंह, राधेश्याम जाटव, रविन्द्र कुमार मीना, कृष्ण कुमार शर्मा, सियाराम मीना, रामराज मीना, हरकेश मीना सहित जिले की उपशाखाओं के अध्यक्ष, मंत्री व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### माली समाज की बैठक आज

**करौली,** (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित माली समाज के महात्मा ज्योतिबा फुले विकास संस्थान छात्रावास परिसर में 30 मार्च रविवार को आगामी 11 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा फुले कि जयंती समारोह को लेकर दोपहर 1:00 बजे संस्थान अध्यक्ष प्रेमसिंह माली की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई है। संस्था सचिव रामगोपाल माली ने बताया कि 11 अप्रैल को संस्थान परिसर में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती समारोह की तैयारी पर चर्चा के अलावा छात्रावास में चल रहे कार्यों कि समीक्षा एवं आगामी 2 नवंबर को आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर भी विस्तृत कार्य योजना बनाई जाएगी। जिसको लेकर संस्थान अध्यक्ष प्रेमसिंह माली की अध्यक्षता में रविवार को दोपहर 1:00 बजे संस्थान परिसर में बैठक आयोजित की गई है। बैठक में समाज के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारा, सदस्य,सक्रिय कार्यकर्ता भाग लेंगे।

### जयंत शर्मा जिला अध्यक्ष नियुक्त

**करौली,** (निसं)। राजस्थान ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ने करौली निवासी जयंत कुमार शर्मा को जिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है। राजस्थान ब्राह्मण महासभा युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामानुज शर्मा ने बताया कि करौली के चटीकना मोहल्ला निवासी जयंत कुमार शर्मा को राजस्थान ब्राह्मण महासभा युवा प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेश अध्यक्ष केसरी चंद शर्मा कि अनुमति पर करौली जिला अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है एवं उनको निर्देश दिए हैं कि शीघ्र कार्यकारिणी का गठन कर ब्राह्मण समाज के समग्र विकास एवं उत्थान के लिए राजस्थान ब्राह्मण महासभा के विधान एवं नियम के अनुसार कार्य करेंगे।

### धर्मेश मीना डिप्टी कमांडेंट नियुक्त

**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। अपराध जांच ब्यूरो संस्था राजस्थान के डायरेक्टर रामसिंह मीना ने फैलीकापुरा निवासी धर्मेश मीना को अपराध जांच ब्यूरो संस्था का डिप्टी कमांडेंट पद पर नियुक्त किया है।डायरेक्टर राम सिंह मीणा ने गुरुवार शाम 4:00 बजे बताया कि संस्था का उद्देश्य पीड़ित शोषित एवं अशिक्षित न्याय एवं मूल अधिकारों से वंचित व्यक्तियों को भारत के संविधान के अनुसार लिखित एवं मौलिक अधिकारों के साथ-साथ मौलिक कर्तव्य के प्रति जागरूक करना है।अपराध की जांच सीबीआई संस्था भ्रष्टाचार आर्थिक अपराध सहित गंभीर अपराधों की जांच करती है।इसकी महत्वपूर्ण भूमिका भ्रष्टाचार अपराध इन सभी को रोकना प्रशासन में ईमानदारी बनाए रखना है। संपूर्ण भारत में कार्यरत अपराध जांच विरोधी संस्था द्वारा कानून में सहायता प्रदान करना है।धर्मेश मीना को डिप्टी कमांडेंट नियुक्त होने पर समिति अध्यक्ष भगवान सिंह मीना, हर सहाय लिलोटी हेमराज जगरवाल, सेवानिवृत मजिस्ट्रेट भगत राम मीना, कलमुद्दीन खान, हरकेश मीणा, सेवानिवृत थानेदार गोट लाल मीणा, नरेश मीणा रटिया पुरा, मदन पटेल सहित जिले के लोगों ने खुशी जाहिर की है।

## अपना घर रूपवास इकाई का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**रूपवास,** (निसं)। अपना घर रूपवास पुरुष एवं महिला इकाई का शपथ ग्रहण समारोह डॉ बी. एम. भारद्वाज संस्थापक अपना घर बझेरा के मुख्य आतिथ्य एंव ठाकुर अलवेंन्द्र सिंह राजावत की अध्यक्षता तथा विशिष्ट अतिथि वीरपाल सिंह राष्ट्रीय संरक्षक, कुसुमलता अठावाल राष्ट्रीय संयोजक, रजनीकांत शर्मा, नीरज भारद्धाज सी.ओ के सानिध्य में प्रभाकर पार्क रूपबास में आयोजित किया। राष्ट्रीय संयोजक कुसुमलता अग्रवाल ने कहा कि सभी को धार्मिक यात्राओं के साथ साथ अपना घर बझेरा भरतपुर की तीर्थयात्रा करनी चाहिए वहां निराश्रित, बेसहारा, असहाय, बीमारी से ग्रस्त प्रभुजनों की सेवा की जा रही है।जो सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। वीरपाल सिंह राष्ट्रीय संरक्षक ने कहा कि डॉक्टर बी एम भारद्वाज ने सन 2000 में अपना घर बझेरा में पौधारूपी आश्रम खोला था जो आज बट वृक्ष के रूप में कार्य कर रहा है जिसकी नेपाल सहित भारत में 62 अपना घर इकाई बझेरा में 65 00 सहित 15000 प्रभु जनों की सेवा कार्य कर रही है। मुख्य अतिथि अपना घर बझेरा के संस्थापक डॉ बी एम भारद्वाज ने कहा कि जो मानव निराश्रित, बेसहारा, लावारिस की सेवा करें उससे ही उसके जीवन में कल्याण ही कल्याण की प्राप्ति होगी। उन्होंने कहा कि अपना घर का उद्देश्य कोई भी बेसहारा, निराश्रित, लावारिस तकलीफ में प्रभुजन न हों। प्रभु जनों को एहसास हो इस दुनिया में अपना भी कोई है जो भी सेवा प्रभुजनों की हो रही है वह सब ठाकुर जी की मेहरबानी है। रुपबास इकाई की अपना घर तीर्थ यात्रा शुरू करने के प्रकल्प की सराहना की। अपना घर रूपबास इकाई के संस्थापक संजीव गुप्ता ने उद्देश्यों पर विस्तार से जानकारी दी। गीतम सिंह परिवार ने प्रतिवेदन प्रस्तुत कर बताया कि अन्नदान के लिए अमर सिंह अंधाना अध्यक्ष क्रेशर संघ की प्रेरणा से 412600 रूपये 500000 रामजीलाल शर्मा एसडीआई, 250000 दाऊ दयाल अठावाल पूर्व सरपंच ईब्राहिमपुर से 20000 रूपये अंशदान, 80 वर्ष की आयु के वृद्धि जनों का सम्मान, 167000 रुपए मासिक अंशदान राशि जमा कराई। संजीव गुप्ता की प्रेरणा से दो गरीब कन्याओं की शादी तथा 188354 राशि समिति के पास है। भगवानदास गुप्ता पूर्व प्रधानाचार्य द्वारा 6 लाख का चेक अपना घर बझेरा भरतपुर के संस्थापक डॉ बी एस भारद्धाज को सौंपा।1.21 लाख रजनीकांत शर्मा ने करूणा सेवा संस्थान तथा 51000 हजार रूपये पुत्र की जन्म तिथि पर अपना घर को देने की घोषणा की। ठाकुर अलवेंन्द्र सिंह राजावत ने करुणा सेवा के प्रिंस सिंघल को 85000 रूपये की नई मोटरसाइकिल सौंपकर मूख प्राणियों की सेवा के लिए चाबी सौंपी। तथा अमर सिंह अन्धाना ने 500 परिंण्डे अपना घर को समर्पित कर वितरण का शुभारंभ मुख्य अतिथि से कराया। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में पुरुष इकाई के अध्यक्ष राकेश शर्मा टीवीएस वाले, संरक्षक आनंद प्रकाश आनंद, महिला इकाई की अध्यक्ष वर्षा गर्ग, संरक्षक ललिता शर्मा सहित कार्यकारिणी को मुख्य अतिथि ने के शपथ ग्रहण कराई।

# पूर्व विधायक ने करौली की रेल लाईन स्वीकृति के लिये लिखा पत्र

**करौली,** (निसं)। जिले की वरिष्ठतम भाजपा नेता एवं करौली की पूर्व विधायक रोहिणी कुमारी ने करौली को रेल से जुड़वाने के लिए राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखे हैं।

रेल विकास समिति के महामंत्री वेणुगोपाल शर्मा द्वारा पूर्व विधायक को सौंपे ज्ञापन पर तत्काल कार्यवाही करते हुए श्रीमती रोहिणी कुमारी द्वारा लिखे पत्रों में बताया गया है कि पूर्वी राजस्थान के आशान्वित जिलों के विकास के लिए धौलपुर-गंगापुर सिटी रेलवे परियोजना के द्वितीय चरण में सरमथुरा-गंगापुर सिटी नवीन ब्राड गेज लाइन का विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन स्वीकृति के लिए रेलवे बोर्ड में प्रक्रियाधीन है डीपीआर दो खंडों में उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर द्वारा 31 जनवरी को स्वीकृति के लिए रेलवे बोर्ड को भिजवाई गई थी, जिसे 14 माह बाद भी स्वीकृति का इंतजार है स उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 नवंबर 2023 को करौली में आयोजित जनसभा में करौली जिला मुख्यालय को शीघ्र रेल से जोड़ने का विश्वास जनता को दिला चुके हैं। करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर द्वारा 13 दिसंबर 2024 को रेल मंत्री को लिखे लिखे गए पत्रोंत्तर 31 दिसंबर 2024 में सरमथुरा,गंगापुर सिटी नई रेल लाईन की डीपीआर स्वीकृत किए जाने की विस्तृत जांच के लिए संबंधित निदेशालय को निर्देश दिये जाने का उल्लेख है धौलपुर गंगापुर सिटी रेल परियोजना के निर्माण में विलंब से नव निर्मित दौसा-गंगापुर सिटी रेल लाइन घाटे में चल रही है जिसका आगे धौलपुर तक विस्तार आवश्यक है। पत्रों में आग्रह किया गया है कि रेलवे बोर्ड में विचाराधीन डीपीआर को स्वीकृत करवा कर पूर्वी राजस्थान के विकास का मार्ग प्रशस्त करें।

इसके अलावा करौली-धौलपुर सांसद भजन लाल जाटव ने प्रश्न काल के दौरान लोकसभा में करौली की रेल का मामला उठाया सांसद ने लोकसभा अध्यक्ष एवं पीठासीन अधिकारी ओम बिरला के माध्यम से रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से धौलपुर-गंगापुर सिटी रेलवे परियोजना से सम्बन्धित अनेक महत्वपूर्ण प्रश्नों के उत्तर मांगे। साथ ही सांसद ने पूछा कि धौलपुर से सरमथुरा का कार्य अंडर प्रोसेसिंग है यह कार्य कब तक पूर्ण हो जाएगा साथ ही सरमथुरा से बाया करौली, गंगापुर तक द्वितीय चरण के कार्य का विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार हुआ है या नहीं हुआ यदि डीपीआर तैयार हो गई तो इसका टेंडर कब लग जाएगा उन्होंने कहा कि राजस्थान के अंदर करौली एक ऐसा जिला है जो रेलवे लाइन से नहीं जुड़ा हुआ है। पूछे गए प्रश्नों के उत्तर में रेल मंत्री ने बताया कि सांसद को तथ्यात्मक जबाब भिजवा दिया जाएगा

## लकी ड्रा कूपन की अवधि बढाई

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। अग्रवाल समाज समिति गंगापुर सिटी के तत्वाधान में विधवा सहायतार्थ लकी ड्रा कूपन खोलने की अवधि को 30 मार्च से बढाकर 27 अप्रैल किया गया है। समिति के प्रचार मंत्री वेद प्रकाश मंगल ने बताया कि हाल ही हुई समाज की बैठक के निर्णय अनुसार 30 मार्च रविवार को जिला अग्रवाल समाज के चुनाव गंगापुर सिटी अग्रवाल भवन ट्रस्ट में होने हैं।

# कलश यात्रा का शुभारंभ

**भरतपुर,** (निसं)। 6 अप्रैल को होने वाली श्री राम जन्मोत्सव से पूर्व श्रीराम जन्मोत्सव शोभा यात्रा समिति द्वारा दिव्य श्रीराम कथा समिति द्वारा 29 मार्च से 6 अप्रैल 2025 तक बिहारी जी के मंदिर में आयोजित होने वाली एक भव्य कलश यात्रा लक्ष्मण मंदिर से निकाली गई, जिसमें मुख्य रूप से श्री राम जन्मोत्सव शोभा यात्रा निकाली गई।

कलश यात्रा में भाग लेने वाले माता-बहनों के ऊपर महाकुंभ त्रिवेणी संगम जल और अयोध्या जी सरयू नदी के जल को गुरुजी द्वारा अभिमंत्रित कर उनका जल वितरण किया गया। भव्य कलश यात्रा का विभिन्न स्थानों पर व्यापारी भाइयों ने पुष्पवर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया।

कलश यात्रा के पीछे रथ में बाबा बालकदास जी महाराज, जो कि बिहारी जी के मंदिर में नौ दिव्य राम का वाचन करेंगे, विराजमान रहेंगे। कलश यात्रा का आयोजन बहुत ही मनमोहक रूप से बैंड-बाजों के साथ राम जी की संगत, पटाका, पटका के साथ भक्तों ने ओर साधकों ने नाचते झूमते हुए आनंद लिया।

कलश यात्रा में सभी महिलाओं ने गले में राम नाम का पटका लगाया, कलश यात्रा का समापन रामायण जी की पूजा-आरती के साथ हुआ, कलश यात्रा सैकडों की गहराई में जूनायन शहर की मातृशक्ति ने भाग लिया।

## कर्मचारियो को दिलाई शपथ

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। राजस्थान दिवस सप्ताह के अवसर पर एडीएम कार्यालय में एडीएम रामकिशोर मीणा ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार इस साल राजस्थान दिवस को नव संवत चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से एक सप्ताह तक मनाया जा रहा है। प्रतिवर्ष 3० मार्च को मनाए जाने वाले राजस्थान दिवस को इस बार रविवार होने के कारण, शपथ समारोह 28 मार्च को आयोजित किया गया। शासन सचिव कृष्णकांत पाठक के आदेशानुसार आयोजित इस समारोह में अधिकारियों ने कई महत्वपूर्ण संकल्प लिए जिसमें राजस्थान की परंपराओं का सम्मान करना, राज्य को समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाना शामिल है।

# प्रभारी मंत्री ने विधायक के भाई के निधन पर जताया शोक

**करौली,** (निसं)। करौली जिला प्रभारी मंत्री ने स्थानीय विधायक के बड़े भाई के निधन होने पर उनके निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट की।

ज्ञात रहे की करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर के बड़े भाई पूर्व सरपंच भरत सिंह गुर्जर का गत दिन बीमारी के चलते जयपुर अस्पताल में निधन हो गया उनके शव को करौली जिला मुख्यालय स्थित ट्रक यूनियन निवास पर लाया गया जहां कुछ घंटे अंतिम दर्शनों के लिए रखा गया वहां से एक खुले वाहन में करौली हिंडौन सड़क मार्ग स्थित उनके पैतृक गांव सुदरपुरा लेकर पहुंचे जहां उनके फार्म हाउस पर अंतिम संस्कार किया गया उस दौरान जिले सहित आसपास के जिलों के जनप्रतिनिधि, विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी और भारी संख्या में गुर्जर समाज के लोग उपस्थित थे शनिवार को उनके निवास सुदरपुरा में शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें करौली जिला प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेडम ने पहुंचकर स्वर्गीय भरत सिंह गुर्जर के चित्रपट्ट पर पुष्पांजलि अर्पित कर परिवार जनों को ढांढस बंधया इसके अलावा करौली जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना,पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय सहित पुलिस और प्रशासन के जिला स्तरीय अधिकारी,सपोटरा विधायक हंसराज मीणा,हिंडौन कि पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव, गंगापुर सिटी के पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर, लोकसभा प्रत्याशी इंदु देवी जाटव, करौली नगर परिषद सभापति प्रतिनिधि सुशील शर्मा,भाजपा नेता सतवीर चंदीला के अलावा करौली सामान्य चिकित्सालय के चिकित्सक, एडवोकेट, जिला परिषद और पंचायत समितियों के सदस्य, नगर परिषद के पार्षदो के अलावा जिले के भाजपा और कांग्रेस पार्टी के जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और पदाधिकारी ने पहुंचकर भरत सिंह गुर्जर के चित्रपट्ट पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की।

# नगला बंजारा को हन्तरा में रखने की मांग

**नदबई,** (निसं)। नदबई क्षेत्र में नवीन ग्राम पंचायत गठन को लेकर परिसीमन दौरान गांव नगला बंजारा को अरोंदा (नवीन ग्राम पंचायत) में शामिल करने का विरोध करते हुए ग्रामीणों ने लखनपुर नायब तहसीलदार को ज्ञापन दिया। वही, नगला बंजारा को ग्राम पंचायत हन्तरा से जोडने की मांग की। बाद में नायब तहसीलदार दीपा यादव ने उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए समस्या समाधान का आश्वासन दिया। इससे पहले ग्रामीणों ने नगला बंजारा को करीब चार किलोमीटर दूर स्थित अरोंदा ग्राम पंचायत में शामिल से लोगों को असुविधा होने का आरोप लगाते हुए जमकर नाराजगी जताई। वही, अरोंदा ग्राम पंचायत से जोडने पर तहसील मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन की चेतावनी देते हुए नायब तहसीलदार को ज्ञापन दिया। बाद में नायब तहसीलदार दीपा यादव ने विभागीय उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए समस्या समाधान करने को कहा। गौरतलब है।

## ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

**करौली,** (निसं)। जुमातुलविदा, चेटीचण्ड व ईदुलफितर के त्योहार पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु ड्यूटी मजिस्टेट नियुक्त किये है। जिला मजिस्टेट नीलाभ सक्सेना ने बताया कि जिले मे 30 मार्च को चेटीचण्ड व 31 मार्च को चांद से ईदुलफितर का त्योहार मनाया जायेगा।

# साधारण सभा की बैठक आयोजित

**भरतपुर,** (निसं)। जिला कांग्रेस कमेटी भरतपुर की साधारण सभा की बैठक कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा की अध्यक्षता तथा भरतपुर संभाग प्रभारी पूर्व विधायक जीआर खटाना के मुख्य आतिथ्य एवं जिला प्रभारी राजेश चौधरी के विशिष्ट आतिथ्य में होटल ईगल नेस्ट पर संपन्न हुई।

बैठक में संभाग प्रभारी गजराज खटाना जिला प्रभारी राजेश चौधरी जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा धर्मेंद्र शर्मा दयाचंद पचौरी योगेश सिंघल सहित कांग्रेस के प्रमुख नेताओं की मौजूदगी में मंच पर नहीं बैठने को लेकर सेवर अध्यक्ष दीनदयाल जाटव ने नाराजगी जताते हुए इस्तीफे की घोषणा कर दी। बैठक में माहौल बिगड़ता देख कांग्रेस के प्रमुख नेताओं ने दीनदयाल को मंच पर बिठाया। हालांकि चुन्नी कप्तान सहित अनेक बड़े नेता भी कार्यकर्ताओं के बीच सामने बैठे रहे। बैठक में सासंद संजना जाटव सहित पूर्व मंत्री पूर्व सांसद विधायकों सहितअनेक दिग्गज नेता भी मौजूद नहीं रहे।

बैठक में मुख्य अतिथि जीआर खटाना ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार तानाशाही अपना कर निकायों तथा पंचायती राज संस्थाओं के वार्डो का गलत तरीके से सीमांकन एवं पुनर्गठन कर रही है। जोकि नियम विरुद्ध भी है। कार्यक्रम में जिला संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्देशित पत्र को पढ़कर सुनाया, जिसमें भाजपा सरकार द्वारा निकायों तथा पंचायती राज संस्थाओं के वार्डों का सीमांकन तथा पुनर्गठन भाजपा कार्यकर्ताओं को लाभ पहुंचने वाला तथा संविधान के नियमों का उल्लंघन करने का जिक्र था।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा ने संगठन की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए पीसीसी द्वारा वार्डों की सीमाओं के पुनर्गठन, सीमांकन तथा परिसीमन के बारे में पीसीसी द्वारा प्राप्त निर्देशों के तहत काम करने का आवाहन किया तथा कहा कि इसके लिए बहुत शीघ्र जिला मुख्यालय पर सुझाव एवं आपत्तियां प्राप्त करने की व्यवस्था की जाएगी। जिला अध्यक्ष सूपा ने कहा कि मुख्यालय पर प्राप्त सभी आपत्तियों को लेकर निकट भविष्य में जिला कलेक्टर को राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन भी प्रेषित किया जाएगा।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जिला प्रभारी राजेश चौधरी ने जिला, ब्लॉक, मंडल तथा अग्रिम संगठनों की मजबूती पर बल देते हुए कहा कि भाजपा सरकार द्वारा जो गलत तथा मनमाने तरीके से वार्डों के सीमांकन किया जा रहे हैं, उसके लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला संगठनों के माध्यम से भाजपा सरकार की गलत, नियम विरुद्ध तथा पक्षपात पूर्ण कार्य शैली का विरोध करने के लिए जनआंदोलन शुरू करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन जिला संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने किया। कार्यक्रम में 2 नए सदस्यों उत्तम सिंह ठेकेदार बयाना और रामेश्वर दयाल सेवानिवृत शिक्षक भरतपुर को जिला एवं संभाग प्रभारीयों तथा जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा ने कांग्रेस पटका पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई।

कार्यक्रम में चुन्नी कप्तान, साहब सिंह चौधरी, धर्मेंद्र शर्मा, जगदीश बंजी, महेंद्र तिवारी, आरिफ खान, राजू प्रधान, दयाचंद पचौरी, मनोज पटेल ,दीनदयाल जाटव, बबीता शर्मा,सुगड़ सिंह जाटव, श्रीभगवान कटारा, रामेश्वर सैनी, रिक्की सिंह, अशोक तांबी, रेनू राजोरा, दिगम्बर खटाना,पुष्पा चिकसाना, अजयपाल दारापुरिया, ज्ञानेश शर्मा, रमेश धावई, दीपेंद्र बुरावई, लोकपाल सिंह, श्रीचंद गॉड, भवानी शंकर खोह, हरस्वरूप सरपंच, विनितपाल सिंह, झमोली पटेल, फिरोज मालिक, पुष्पेंद्र बन्नो, लाखन हिंगोली, वीकेश फौजदार, गिरीश जौहरी, प्रशांत उपाध्याय, सुरेश पूंछरी, सुगड़ खैरा, सुरेश पदयात्री, रमेश पाठक, भरत गादोली, प्रेम प्रजापत, श्रीराम जाटव, सुबोध चंसोरिया, मुस्ताक अहमद, शहीद खान,घनश्याम गुर्जर, चंद्रभान फौजदार सहित भारी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

